तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



11 वैवाहिक रस्म के बीच मतदान करने पहुंची दुल्हन...





12 मतदान को लेकर जागरुक, ग्रामीण...




## भाजपा प्रत्याशी ने किया मतदान



**सरायपाली।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी ने सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत परसदा के आश्रित ग्राम हर्राटार मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान किया गया।

## शादी के कारण कम मतदान



विशेषज्ञों का मानना है कि पड़ रही भीषण गर्मी के कारण मतदाता घर से निकलने के लिए कतराते रहें। वहीं, विवाह के लिए शुभ मुहूर्त के लिए शुक्रवार को अंतिम दिन रहा। इसके बाद जुलाई माह में मुहूर्त बताएं जा रहे हैं। इसलिए, हजारों मतदाता शादियों में व्यस्त रहें। इसके कारण मतदान का प्रतिशत कम हुआ है।

### लोकसभा चुनाव : मतदान का प्रतिशत साढ़े तीन फीसदी घटा, इससे पूर्व चुनाव में रहा 74.62

# भीषण गर्मी के बाद भी लोकतंत्र के लिए जमकर हुआ मतदान, वोटर्स का फैसला ईवीएम में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का आभार जताया या महालक्ष्मी योजना पर विश्वास। इस बात का खुलासा इसलिए नही हो पाया क्योकि भीषण गर्मी और तापमान की अधिकता के बावजूद मतदान केंद्रों में सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ खामोशी से जुटी जिसके चलते यह आंकलन करना कठिन हो गया। जिला मुख्यालय सहित जिले भर में मतदान शांति पूर्ण रहा। मतदाताओं की खामोशी और मतदान का बढ़ा हुआ प्रतिशत कांग्रेस के लिए उत्साहवर्धक रहा वहीं देश में तीसरी बार मोदी सरकार और 10 साल के रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच पहुंचे भाजपाजन 400 सीटों को लेकर आश्वस्त नजर आए।

19वीं लोकसभा के लिए महासमुंद के सदस्य को चुनने के लिए 71.13 फीसदी वोटिंग के साथ 17 प्रत्याशियों की किस्मत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में कैद हो गई। पिछली बार यहां 74.62 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार करीब 3.49 फीसदी कम मतदान कम है।

बता दें कि महासमुंद लोकसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान शुरू होते ही मतदान करने वोटर्स की लंबी कतार लग गई। चूंकि, फिलहाल पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ज्यादातर मतदाता सुबह मतदान करना बेहतर समझा। इसलिए, जिले के चारों विधानसभा में सुबह 9 बजे तक 20.75 फीसदी तक मतदान हो चुका था। वहीं, दो घंटे में मतदान प्रतिशत बढ़कर 36.05 तक पहुंच गया।

जबकि, दोपहर एक बजे तक 52.39 फीसदी तक हो चुका था। लेकिन, इसके बाद मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसरा रहा। उम्मीद थी कि शाम 4 बजे के बाद मतदाताओं का हुजूम उमड़ेगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ और साढ़े पांच बजे तक केंद्रों में सन्नाटा पसर चुका था। चुनाव आयोग की ओर जारी आकड़ों के मुताबिक लोस क्षेत्र के बिंद्रानवागांव विस क्षेत्र में सबसे ज्यादा 78.84 फीसदी मतदान हो चुका था। वहीं, सबसे कम मतदान महासमुंद 64.90 फीसदी रहा। चुनाव आयोग के मुताबिक, मतदान के आंकड़ों में देर रात तक सुधार की गुंजाइश है।



## दिव्यांगों के लिए व्यवस्था



इस चुनाव में दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदाता सहायक (वोटर असिस्टेंट) उपलब्ध रहें। वोटर असिस्टेंट द्वारा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम ढूंढने और मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इसके अलावा मतदाता मित्र के रूप में एनएसएस व स्काउट गाइड के कैडेट्स भी मतदान केंद्रों में दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों तथा शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने एवं व्हील चेयर, पेयजल, प्राथमिक स्वास्थ्य उपलब्ध कराने में सहयोग किए।

## आदर्श मतदान केंद्रों में मतदाताओं को तिलक लगा एवं फूल बरसाकर किया स्वागत



जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आदर्श मतदान केंद्र को स्थानीय संस्कृति के अनुरूप सजाया गया है। महासमुंद में सिरपुर के थीम पर आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। आदर्श मतदान केंद्रों में आकर्षक प्रवेश द्वार के साथ ही नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को तिलक लगाकर एवं फूल बरसाकर स्वागत किया जा रहा है। यहां मतदान देने पहुंच रहे मतदाताओं ने कहा कि आदर्श मतदान केंद्र में पहुंचकर हमें हमारे स्थानीय कल्चर की छटा देखने को मिल रहा है। मतदाताओं ने कहा कि यहां लोकतंत्र के पर्व का उत्सव मनाने का एहसास हो रहा है। आदर्श मतदान केंद्र को जिस तरह सजाया गया है, उसके चलते मतदान के लिए लंबी लाइन के बीच खड़े होकर भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। छाया, कूलर एवं पेयजल की व्यवस्था सराहनीय है। उन्होंने प्रशासन की इन तैयारियों की सराहना करते हुए उत्साह पूर्वक मतदान किया।


## बेलरवासियों ने किया मतदान का बहिष्कार



एक तरफ देश में लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पिथौरा ब्लॉक के ग्राम बेलर के ग्रामीण इस पर्व से दूर हैं। ग्राम पंचायत कौआकुड़ा के आश्रित गांव बेलर के रहवासियों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। दरअसल, ग्रामीण इस बात से नाराज हैं कि मतदान केंद्र बेलर से हरदी कर दिया गया है। जबकि विधानसभा चुनाव के दौरान तहसीलदार ने आश्वासन दिया था कि बेलर में पुनः मतदान केंद्र होगा। लेकिन, आश्वासन के बाद भी बेलर में मतदान केंद्र नहीं बनाया गया। इसी प्रकार सरायपाली के ग्राम कस्तुराबहाल के ग्रामीणों ने सड़क नहीं बनने से नाराज होकर मतदान में भाग नहीं ले रहें।

## एक हजार किमी का सफर के बाद मतदान





पहली बार मतदान में हिस्सा लेने वाले युवाओं का उत्साह भी इस चुनाव में देखने को मिला। लोकसभा चुनाव से अपने मताधिकार का उपयोग करने की शुरुआत करने वाली श्रेणी शर्मा ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें कि श्रेणी पुणें के NASDAQ में कार्यरत है और अपने मताधिकार को लेकर सजगता दिखाते हुए इन्होनें 1 हजार किमी का सफर तय किया। इसी प्रकार श्रेणी का पिता राजेश शर्मा जो भाटापारा कॉलेज में छात्रावास अधीक्षक के रुप में पदस्थ हैं। वे भी परिवार के साथ कर्तव्य अवकाश लेकर मतदान करने पहुंचे।

## विवाह मंडप से मतदान करने पहुंची दुल्हन



विवाह मंडप से मतदान करने पहुंचे दुल्हन का मतदान दलों ने मुस्करा कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। यह नजारा था महासमुंद के कलाबाई स्कूल के मतदान केंद्र का जहां मतदान करने के लिए टिकेश्वरी साहू अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंची। 26 अप्रैल को विवाह कार्यक्रम तय होने के बाद मतदान की तिथि घोषित हुई, जिसके चलते विवाह कार्यक्रम जारी रहा। दोपहर करीब 12 बजे टिकेश्वरी अपनी मां मोहिनी साहू, चाचा बाबूलाल साहू, चाची मीना साहू, बहन झरना साहू और हुआ सुशीला साहू के साथ मतदान केंद्र पहुंची। जहां मतदान दल ने मुस्करा कर उनका स्वागत किया और मतदान में भाग लेने के लिए सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी।

## भाजपा उत्साहित, कांग्रेस आश्वस्त

**महासमुंद।** लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन के लिए शुक्रवार को हुए मतदान में भाजपाजन जहां उत्साहित नजर आए वहीं कांग्रेसजनों ने अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आए। विभिन्न समीकरणों का हवाला देते हुए देश के दोनों राष्ट्रीय दल अपनी-अपनी जीत के दावे करते रहे। बहरहाल, प्रत्याशियों का भविष्य तो ईवीएम में कैद हो चुका है। हालांकि उत्साहित भाजपाजन देर शाम तक एक-एक वोट डलवाने जुटे रहे। वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के पंडाल में पहुंचने वालों का टोटा रहने के बावजूद कांग्रेस मतदाताओं की खामोशी और कांग्रेसियों द्वारा महालक्ष्मी न्याय योजना के तहत महिलाओं से भरवाए गए फार्म और साहू समाज के एकतरफा मतदान किए जाने के दावों के बीच जीत को लेकर काफी आश्वस्त नजर आए।



## पहले मतदान, फिर जलपान

जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर सुबह सपत्नीक मतदान केंद्र पहुंचे और पहले मतदान किया फिर जलपान करने की जानकारी देते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

## पहली बार मतदान कर प्राची बेहद खुश



**महासमुंद।** पहली बार मतदान करने 18 प्लस आयु वर्ग के क्लब पारा निवासी युवा मतदाता प्राची मिश्रा बेहद खुश नजर आई। प्राची मिश्रा ने उत्साह के साथ मतदान किया। आदर्श मतदान केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाणिज्य भवन में वे सुबह से मतदान करने पहुंची। प्राची ने कहा कि प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया, कूलर, पानी की अच्छी व्यवस्था की गई है।

## शाम 5 बजे तक मतदान की स्थिति

| विधानसभा क्षेत्र | प्रतिशत |
|---|---|
| सरायपाली | 70.87 |
| बसना | 71.01 |
| खल्लारी | 66.34 |
| महासमुंद | 64.90 |
| बिन्द्रानवागढ़ | 78.84 |
| धमतरी | 70.16 |
| कुरूद | 74.40 |
| राजिम | 72.02 |
| **औसत** | 71.13 |

## नवापारा में 90% से अधिक मतदान

लोकतंत्र के इस महापर्व में ग्राम पंचायत परसदा के आश्रित ग्राम नवापारा के ग्रामीणों ने भी उत्साह से भाग लिया। ग्रामीण जन सुबह 7 बजे से मतदान केंद्र परसदा (ब) पहुंच गए। बता दें कि ग्राम पंचायत परसदा (ब) के आश्रित ग्राम नवापारा के ग्रामीणों ने गांव में संचालित हो रहे पोल्ट्री फार्म के विरोध में लोकसभा चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया था। यहां तक की गांव में बैनर-पोस्टर लगाकर किसी प्रकार से चुनाव प्रचार-प्रसार पर भी पाबंदी लगा दी थी। जांच के लिए पहुंचे मैदानी अमले ने निष्पक्ष न्याय का आश्वासन देकर ग्रामीणों को मतदान के लिए शपथ दिलाई। ग्रामीणों ने 26 अप्रैल शुक्रवार को लोकसभा के द्वितीय चरण के मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नवापारा के कुल मतदाता से लगभग 90 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपनी भागीदारी निभाई।






व्यापक तौर पर शांतिपूर्ण और अनुकूल माहौल की पृष्ठभूमि में जिले के मतदाताओं ने लोकतंत्र की जीवंत तस्वीरें पेश कीं। भीड़-भाड़ वाले शहरी केंद्रों से लेकर दूरदराज के गांवों तक मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का जमावड़ा देखा गया।

## लोकतंत्र के लिए पहली आहूति



ग्राम बम्हनी में मतदान के प्रति युवाओं ने खासा उत्साह दिखाया। लोकतंत्र के महायज्ञ में शुक्रवार को पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर इन लम्हों को कैमरे में कैद करते युवा मतदाता।

## पलायन से लौटे मजदूरों ने लोकतंत्र के महापर्व में निभाई अपनी भागीदारी

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले से पलायन किए मतदाताओं को लोकतंत्र महापर्व में शामिल होने प्रोत्साहित किया जा रहा है। घर आजा संगी अभियान के तहत आज पलायन से लौटे मजदूरों में मूंगाबाई, केशोराय, गंगाबाई, गणेश, सोहद्रा, कोदुराम, कुंती बाई, समलिया, देवंतीन एवं रेवाराम, दुष्यंत एवं पिंकी दीवान ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान पिंकी एवं दुष्यंत ने सेल्फी जोन में तस्वीरें भी ली। इन सभी मतदाताओं की सहभागिता अन्य मतदाताओं को प्रेरित करता है। जीवन यापन के लिए काम करने घर से बाहर निकले मजदूरों के कारण मतदान प्रतिशत में कमी को रोकने प्रशासन द्वारा उनके मोबाइल पर मैसेज एवं वीडियो कॉल के माध्यम से चुनाव के महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया गया। वे मतदान करने अपने गांव पहुंचे। मूंगाबाई और केशोराय ने बताया कि वे अधिक मजदूरी मिलने की चाह में कमाने खाने जाते हैं। कई बार मतदान नहीं कर पाते जिसका हमें पछतावा रहता है।






## कलेक्टर और जिपं सीईओ ने किया मतदान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने सपत्नीक शुक्रवार की सुबह 9 बजे शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय मचेवा के आदर्श मतदान केंद्र में मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं के साथ लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदान किया। उन्होंने सपत्नीक सेल्फी भी ली। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने भी शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय मचेवा के आदर्श मतदान केंद्र में सपत्नीक मतदान किया। उन्होंने सेल्फी जोन में आकर अपनी तस्वीरों को कैमरे में कैद किया।




## थर्ड जेंडर मतदाता सारिका और जूली ने निभाई भागीदारी

लोकतंत्र के महापर्व में बागबाहरा के थर्ड जेंडर सारिका और जूली ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए कहा कि हमने इस बार वीडियो के माध्यम से न केवल थर्ड जेंडर से बल्कि सभी से मतदान करने की अपील की है। निश्चित रूप से इसका असर देखने को मिलेगा। मतदान पश्चात उन्होंने सेल्फी भी ली। उन्होंने अपने साथियों को भी मत देने का आग्रह किया है। लोकतंत्र के इस पर्व में हमारी भी भागीदारी सुनिश्चित होगी। जिले में तृतीय लिंग के 17 मतदाता है।




## विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने आगे बढ़कर किया वोट

जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के वोटरों का इस बार विशेष रूझान दिखाई दिया। पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने आगे बढ़कर वोट दिया। बागबाहरा के कमार युवा मतदाता सुरेश कमार, सुवल कमार, नागेंद्र कमार ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए बताया कि वे शुक्रवार की सुबह से मतदान देने के लिए तैयार हो गए है, क्योंकि उन्हें सुबह से ही खेत और अपने काम के लिए बाहर निकलना पड़ता है। लेकिन, आज के इस चुनई तिहार में वे अपना कर्तव्य और जिम्मेदारी समझते हुए अपने मत का प्रयोग किया है।

बागबाहरा सिर्री पठारीमुंड़ा के कमार जनजाति द्वारा मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। मतदाता बिसनी बाई कमार, फूल बाई कमार, मानसिंह कमार, रातिबाई कमार, ललिता कमार, अजय सिंह कमार, सोमनाथ कमार, झूरू जैसे कमार जनजाति के कई महिला, पुरूष मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान मानसिंह ने सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। इनकी भागीदारिता जिले के अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित करता है। ज्ञात है कि जिले के 75 ग्रामों में कुल 895 कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। जिनकी जनसंख्या 3240 है।




हरिभूमि पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल बैस ने किया ब्रोशर का विमोचन

**रायपुर।** लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रसिद्ध कवि एवं कथावाचक कुमार विश्वास के अपने-अपने राम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के ब्रोशर का विमोचन महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने अपने निवास रविनगर में बुधवार को किया। इसी दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री बैस को इस आयोजन के लिए न्योता भी दिया। ब्रोशर विमोचन कार्यक्रम में मनमोहन सिंह चावला, जय दुबे, लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव के अध्यक्ष सुभाष राठी, द्वारका साहू, रायपुर होम्स के संरक्षक मनीष राज सिंघानिया, उमेश राठी, डॉ. नीता शर्मा, नरेंद्र, सुदीप श्रीवास्तव, रूबी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### निर्वाचन सीईओ के घर पहुंचाई मतदाता पर्ची



**रायपुर।** घर-घर मतदान पर्ची वितरण के तहत जिला प्रशासन के अधिकारी गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले के निवास पहुंचे और उन्हें मतदाता पर्ची का वितरण किया।

### आयुर्वेद कॉलेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रायपुर।** श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक किया। इसी दौरान छात्रों ने पोस्टर, फ्लैक्स एवं जागरूकता व्याख्यान के माध्यम से डगनिया बाजार एवं सुंदरनगर बस्ती के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया और आगामी 7 मई को मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अभियान में कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. आराधना कंडे, डॉ. कुलदीप साहू, डॉ. खरांजलि जांगड़े, डॉ. मनीष पटेल एवं डॉ. खुशबू कारटे तथा महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डॉ. कमलेश का शदाणी दरबार में हुआ सम्मान



**रायपुर।** शदाणी दरबार में प्रथम सतगुरु संत शदाराम साहिब के जन्मोत्सव के अवसर पर संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने मैट्स यूनिवर्सिटी के कला एवं मानविकी अध्ययनशाला के सह प्राध्यापक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया को उनके उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर इस्कॉन टेम्पल, वृंदावन के प्रसिद्ध गीता प्रवचक स्वामी सार्वभूमा महाराज ने भी सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

# प्रौढ़ों को पढ़ाने में नहीं है छात्रों की दिलचस्पी, बोनस के रूप में मिलने थे 10 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रौढ़ों को पढ़ाने में छात्रों में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं है। साक्षरता अभियान के अंतर्गत व्यस्कों तथा बुजुर्गों को साक्षर बनाया जाता है तथा उन्हें लिखना-पढ़ना सिखाया जाता है। इसके लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की मदद ली जाती है। शाला शिक्षकों से लेकर कोई भी व्यक्ति जो पढ़ना-लिखना जानता हो, वो स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में सेवा दे सकता है। स्कूली विद्यार्थी भी इस अभियान से जुड़ सकें और वे व्यस्कों को पढ़ाने के लिए प्रेरित हों, इसलिए बोनस अंक का प्रावधान किया गया था।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने कम से कम एक व्यस्क को साक्षर किया हो, उन्हें दस अंक बोनस के रूप में दिए जाने थे। एक भी विद्यार्थी इसका हिस्सा नहीं बने। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जब इस योजना के अंतर्गत बोनस प्राप्त करने के लिए योग्य छात्रों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय से मांगी गई तब सूची में इस कैटेगरी के आगे संख्या अप्राप्त प्रदर्शित की गई। बाद में साक्षरता मिशन का संचालन करने वाले राज्य साक्षरता मिशन से अधिकारियों द्वारा बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि इसके लिए किसी भी छात्र ने आवेदन ही नहीं किया है।

### एक भी दावेदार नहीं

- माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार दसवीं-बारहवीं के 2 हजार 239 छात्रों को देगा बोनस अंक
- साक्षरता अभियान के लिए छात्रों को जागरूक करने शुरू की गई थी पहल



### टॉपर लिस्ट बोनस अंक के बगैर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष भी बोनस अंक के बगैर ही टॉपर्स लिस्ट जारी की जाएगी। छात्रों की अंकसूची में इसका जिक्र होगा तथ कुल अंकों में बोनस अंक भी जोड़े जाएंगे। लेकिन मेरिट लिस्ट निकालते वक्त बोनस अंकों की गणना नहीं होगी। माशिम द्वारा कुछ वर्ष पूर्व नियम में बदलाव किया गया था। इसे वर्तमान सत्र में भी जारी रखा जाएगा।

### सर्वाधिक छात्र खेल वाले

माशिम द्वारा दसवीं-बारहवीं में विभिन्न वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। बोनस प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सर्वाधिक संख्या खिलाड़ी छात्रों की है। 10वीं के 563 तथा 12वीं के 860 खिलाड़ी छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा दसवीं में स्काउट-गाइड के 510 तथा बारहवीं में 236 छात्र हैं, जिन्हें बोनस दिए जाएंगे। विद्याभारती के अंतर्गत 10वीं के 5 और 12वीं के 14 छात्रों को बोनस मिलेंगे। खेल एवं युवा कल्याण के अंतर्गत दसवीं के 30 और बारहवीं के 21 छात्रों को मौजूदा सत्र में बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से दोनों कक्षाओं को मिलाकर 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक मंडल प्रदान करेगा।

### बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा वार्ड की सड़कों की जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

# उखड़ी सड़कों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी निगम को मुख्य मार्ग बनाने नहीं मिला फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जून में बारिश की दस्तक होते ही बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा, अछोली और उरला वार्ड में लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है, क्योंकि सपोर्टिंग सड़कों की सुध बिरगांव निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। पाइप लाइन के लिए पुरानी सड़कों को खोदने से मेंटेनेंस भी बेअसर है। सीमेंटेड करने के बाद भी सड़कों का हाल-बे हाल है। फरवरी में 12 मुख्य मार्गों को बनाने के लिए 5 करोड़ के प्रस्ताव को भेजा गया, इसे अभी मंजूरी भी नहीं मिली है।

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में खारुन नदी जल आवर्धन योजना के तहत 104 करोड़ का प्रोजेक्ट खत्म होने की स्थिति में है। इसके कारण खोदी गई सड़कों का बुरा हाल है। ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा होते हुए निमोरा आने-जाने वाले लोगों के लिए बस्ती में बनवाई गई सड़क पाइप लाइन की भेंट चढ़ गई है। इसी तरह ईएसआईसी अस्पताल से सटी बस्तियों में भी सड़कें उखड़ी, टूटी हैं। उरकुरा में नई पानी टंकी क्षेत्र का मुख्य मार्ग बारिश में इस बार भी लोगों के लिए परेशानी की वजह बनने वाला है। नए बसाहट वाले इलाके में बुरा हाल है। वार्ड प्रतिनिधियों ने लोगों की इस परेशानी को देखते हुए कई बार सर्वे भी करवाया, लेकिन सुविधा नहीं मिलने से 3 हजार से ज्यादा परिवारों की परेशानी बारिश शुरू होने से दोगुनी होने वाली है। इसे देखते हुए सड़क व नाली बनवाने के लिए पार्षद भी दबाव बना रहे हैं।

### 12 मुख्य मार्गों का प्रोजेक्ट अटका

इधर निगम के जिम्मेदारों ने 12 मुख्य मार्गों का डामरीकरण कराने के लिए फरवरी 2024 में प्रस्ताव भेजा है, ताकि दूसरे क्रम में मुख्य मार्गों का निर्माण करवाया जा सके। अभी तक रावांभाठा, उरला, बिरगांव, सरोरा, अछोली में सड़क बनवाने के लिए शासन से बजट भी नहीं मिला है। इससे जून में शुरू होने वाली इस बारिश में लोगों को परेशानी कम होने वाली नहीं है। नई बसाहट वाली आबादी के बीच आने-जाने के लिए सड़क भी कच्ची है। मलबा डालने से अभी आवा-जाही हो रही, बारिश में गाड़ियां फंसती हैं।





### सड़कें ही नहीं, नालियां भी बेकार

बिरगांव निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि रावांभाठा, उरकुरा ,उरला और अछोली में मुख्य मार्गों को छोड़कर बस्तियों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें भी उखड़ चुकी हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों को रात ही नहीं, दिन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सभी वार्डों में वनवे सड़कों का बुरा हाल है। छोटी गाड़ियों की आवाजाही बारिश के दिनों में प्रभावित होती है। प्रतिनिधियों से भी मामले में शिकायत मिल रही है। चुनाव खत्म होने के बाद मामले को लेकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा।

### समीक्षा के बाद बता पाएंगे

अभी उन्हीं सड़कों और नालियों का निर्माण किया जा रहा, जो पहले फेज के प्रोजेक्ट में शामिल हैं। दूसरे क्रम में 12 मुख्य मार्गों को बनवाने के लिए शासन को प्रस्ताव गया है। मंजूरी के बाद प्रोसेस करेंगे। पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद ही कितना काम हुआ है, बता पाउंगा।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा नहीं

सूत्रों ने बताया कि 2023 में 76 स्थानों पर छोटी नालियों की कनेक्टिविटी व बस्तियों में 100-200 मीटर लंबी सड़क बनाने के लिए शासन ने 7 करोड़ 47 लाख की मंजूरी दी। इससे जिम्मेदारों ने काम शुरु करवाया है। अभी तक वार्डों में कितने स्पाट पर काम पूरा हो चुका है, इसकी समीक्षा जिम्मेदारों ने नहीं की है। इससे निर्माण एजेंसियों द्वारा भी चुनावी आचार संहिता को देखते हुए निर्माण के लिए आधे मैन पावर का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम के जिम्मेदार चुनाव के बाद समीक्षा बैठक करने की दलील दे रहे हैं।

### अब पासपोर्ट की तर्ज पर बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

# भाठागांव बस स्टैंड से जल्द दौड़ेंगी 21 ई-बसें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल से 21 ई बसें जल्द फरार्ट भरेंगी। इसके लिए 2.5 एकड़ जमीन चिन्हांकित की गई है। परिवहन सचिव एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने गुरुवार को अंतर्राज्यीय बसस्टैंड का निरीक्षण किया। बसस्टैंड से 21 ई-बसों का संचालन किया जाएगा। आम जनता को सुगम परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने राजधानी के भाठागांव स्थित बसस्टैंड से 21 ई बसें संचालित की जायेंगी। इसके लिए ढाई एकड़ जगह को चिन्हांकित किया है। परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने स्थल का अवलोकन कर नगर निगम व विद्युत विभाग को मूलभूत अधोसंरचाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर का निरीक्षण किया। पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर में लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को लेकर उन्होंने आम नागरिकों से बातचीत की और प्रक्रिया पर संतुष्टि जाहिर की। परिवहन सचिव और परिवहन आयुक्त द्वय ने ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण कार्य का भी अवलोकन किया।

# मोबाइल, शराब, विचारधारा में टकराव से टूटने की कगार पर पहुंचे परिवार को परामर्श केंद्र ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपराध रोकने में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस की रहती है, वही पुलिस परिवार को टूटने से बचाने का भी काम करती है। पुलिस की महिला इकाई ने परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से कई परिवारों को टूटने से बचाने का काम किया है। परिवार परामर्श केंद्र में चार माह के भीतर पांच सौ शिकायतें पहुंची हैं। उन शिकायतों में से 135 का निराकरण कर परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया है।

गौरतलब है कि एसएसपी संतोष सिंह ने पति-पत्नी से संबंधित विवाद जिसमें महिला को किसी तरह से गंभीर नुकसान नहीं हुआ है। साथ ही पारिवारिक विवाद को बेहद ही संजीदगी से सुलझाने के निर्देश दिए हैं। इन्वेस्टिगेशन यूनिट्स ऑफ क्राइम अगेंस्ट वूमेन (आईएसीयूडब्लू) की एएसपी ममता देवांगन तथा उनकी टीम के दावों के मुताबिक कई मामले ऐसे होते हैं, जिसे परिवार परामर्श केंद्र में पहली ही सुनवाई में ही निपटा लिया जाता है। साथ ही संबंधितों को परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोगों का नंबर दिया जाता है, भविष्य में विवाद की स्थिति निर्मित होने पर मदद मांग सके।



- जनवरी से लेकर अब तक पांच सौ शिकायतों में से 135 का निराकरण
- परिवार परामर्श केंद्र में ज्यादातर शिकायतें मोबाइल में बात करने से लेकर शराब सेवन, विचारधारा में टकराव
- परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया

### परिवार को मिलाने के बाद भी संपर्क में रहते हैं

महिला अफसर के मुताबिक परिवार को टूटने से बचाने के बाद उनकी जिम्मेदारी वहीं समाप्त नहीं होती। परिवार को मिलाने के बाद महिला पुलिस की टीम तथा परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोग समय-समय पर परिवार के लोगों को कॉल कर उनके हालचाल के बारे में जानकारी लेते रहते हैं। साथ ही उन्हें समय आने पर उचित सलाह के साथ मार्गदर्शन देने का काम करते हैं।

### मोबाइल, शराब से टूट रहे परिवार

महिला अफसर के मुताबिक महिला थाने में ज्यादातर मामले पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने से लेकर मोबाइल में बातचीत करने को लेकर विवाद होने की ज्यादातर शिकायतों आती हैं। ऐसे में परिवार को टूटने से बचाने के लिए परिवार परामर्श केंद्र परिवार को टूटने से बचाने के लिए हर संभव कोशिश करता है। इसके लिए परिवार के लोगों की दो से तीन बार काउंसिलिंग कर उन्हें मिलवाने का काम करती है। महिला अफसर के मुताबिक चरित्र शंका को लेकर पत्नी के साथ मारपीट तथा पति के चरित्र शंका को लेकर भी महिलाएं शिकायत लेकर थाने पहुंचती हैं। महिला अफसर के अनुसार विचारों के टकराव को लेकर भी शिकायतें आती हैं।

# बार लायसेंस, मुद्रांक शुल्क के 100 करोड़ रुपए बकाया

- 2017-18 का मुद्रांक शुल्क निगम को अब तक नहीं मिला, चार साल से भेज रहे रिमाइंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम को राज्य शासन से बार लायसेंस और मुद्रांक शुल्क के रूप में 100 करोड़ की राशि अब तक नहीं मिली। इसमें वर्ष 2017-18 का 45 करोड़ 44 लाख का मुद्रांक शुल्क शामिल है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को बकाया राशि के भुगतान के लिए पत्र लिखा है। नगर निगम को शासन से 100 करोड़ बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से निगम से संबंधित अति आवश्यक लंबित देयकों के भुगतान में दिक्कत आ रही है। सूत्रों के मुताबिक साल 2023-24 में बार लायसेंस की राशि 12 करोड़ 86 लाख रुपए नगर निगम को शासन से मिलना था जिसमें से अब तक केवल 1 करोड़ 44 लाख रुपये का भुगतान नगरीय प्रशासन संचालनालय से मिल पाया। 11 करोड़ 42 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला पंजीयक कार्यालय के माध्यम से कराई गई रजिस्ट्री का 1 फीसदी राशि 52 करोड़ 65 लाख रुपये में से 6 करोड़ 16 लाख 84 हजार रुपये संचालनालय से प्राप्त हुई। जबकि 46 करोड़ से अधिक की राशि अप्राप्त है।



*5 साल से लंबित मुद्रांक शुल्क के 45 करोड़ : नगर निगम के हिस्से के मुद्रांक शुल्क की 45 करोड़ की एकमुश्त राशि नगरीय प्रशासन विभाग से रायपुर नगर निगम को अब तक नहीं मिली। वर्ष 2017-18 के वित्तीय वर्ष में हुई रजिस्ट्री का 1 प्रतिशत राशि निगम को मुद्रांक शुल्क के रूप में मिलना है, यह राशि 45 करोड़ से भी अधिक है। इसके भुगतान के लिए निगम के अधिकारियों ने पिछले 5 साल में 7 बार अलग-अलग तारीख में संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र लिखकर लंबित राशि के भुगतान की ओर ध्यान दिलाया, पर शासन स्तर पर भुगतान लंबित है।*

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग में 13 करोड़ फंसे पानी सहेजने में 50 फीसदी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के 50 फीसदी लोग वर्षा जल को सहेजने के मामले में गंभीर नहीं हैं। नए मकान व भवन का नक्शा पास कराते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने आवेदकों ने नगर निगम में निर्धारित सुरक्षा निधि जमा कराई, पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आज तक नहीं लगा पाये। इसके कारण इन आवेदकों के 13 करोड़ की राशि रेन वाटर हार्वेस्टिंग में फंसी है। पिछले 5 साल में ऐसे लोगों की संख्या 7 हजार से ज्यादा है, जबकि 2,500 निर्माणकर्ता ऐसे भी हैं, जिन्होंने निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर अपनी सुरक्षा निधि वापस लेने में तत्परता दिखाई। नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत 1,500 वर्गफीट से अधिक आकार के भवन, मकान, व्यावसायिक निर्माण में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा जारी करने से पूर्व आवेदकों से सुरक्षा निधि के रूप में 110 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से राशि जमा कराई जाती है, जो अधिकतम 15 हजार रुपये है, पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने का खर्च इससे दोगुना ज्यादा होने से 50 फीसदी आवेदक वर्षा जल संरक्षण के लिए सिस्टम लगवाने में रुचि नहीं ले रहे। इसकी वजह से पिछले 5 साल में नगर निगम के 13 करोड़ रुपए की सुरक्षा निधि जाम है, जबकि आवेदक द्वारा भवन, मकान निर्माण कार्य पूरा होने के बाद रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम संतोषप्रद ढंग से स्थापित किये जाने की स्थिति में निगम द्वारा निरीक्षण के बाद आवेदकों की सुरक्षा निधि की जमा राशि लौटाई जाती है। इसके उलट यदि आवेदक द्वारा निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाया, तो नगर निगम संबंधित आवेदक की जमा सुरक्षा राशि राजसात कर लेता है।

### 1500 वर्गफीट से कम निर्माण पर सिस्टम लगाना स्वेच्छिक

सूत्रों के मुताबिक नगरीय निकाय क्षेत्र में 1500 वर्गफीट से कम निर्माण पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य नहीं है। मौजूदा व्यवस्था में रायपुर सहित प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में 1500 वर्गफीट से कम क्षेत्र में बने भवनों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने को स्वेच्छिक रखा गया है।

### जोनवार इस तरह बनी जियोलॉजिस्ट की टीम

- **जोन 1** - संतोष कुमार बिसेन, देवराज पटेल, मुकेश कर्ष, विजेन्द्र कोशले
- **जोन 2** - योगेश भावे, धर्मेन्द्र साहू, आशुतोष सन्यासी, जगत बन्ध्धु देबनाथ
- **जोन 3** - सुरेन्द्र कुमार पटले, सरिता पाणिग्रही, युगलकिशोर शर्मा
- **जोन 4** - सुरेश सिन्हा, हितेश मलागार, कोमल सिंह वर्मा
- **जोन 5** - विपिन दुबे, वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, वीरेन्द्र सिंह साहू
- **जोन 6** - रंजीत कुमार डे, राधारमण नायक, घनश्याम वर्मा, हितेश सोनकर
- **जोन 7** - डॉ. के.के पाणिग्रही, देवव्रत साहू, हेमवंत रहमतकर, गुलशन अठभैया
- **जोन 8** - भूपेश, मोनेश पांडेय, तुलेश्वर साहू, प्रवीण वर्मा
- **जोन 9** - धनेश्वर वर्मा, बिमान मुखर्जी, अवधकिशोर चौधरी
- **जोन -10** संतोष कुमार बिसेन, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार, नारायण साहू

# मोदी बोले- रॉकेट की गति से चल रही है विष्णु सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खूब सराहना की। सरगुजा में उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को पूरे अंक देते हुए कहा कि साय सरकार रॉकेट की गति से काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से "विष्णु के सुशासन की सरकार" के लिए उत्साहवर्धक साबित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सीएम विष्णुदेव साय को अपना साथी और भाई कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाई विष्णुजी विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं।

### सांय सांय लिए फैसले

स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विष्णु की सरकार के कामकाज से पूरी तरह संतुष्ट हैं, उन्होंने सार्वजनिक रूप से जनता के बीच सकारात्मक समीक्षा कर यह साफ कर दिया। यह भी सही है कि महज सौ दिन की सरकार ने छत्तीसगढ़ मे जिस तरह से 'सांय सांय' फैसले लिए हैं, उससे विष्णुदेव साय की छवि 'कामकाजी मुख्यमंत्री' के रूप मे निखरकर आई है। पूत के पांव पालने में कहावत की तर्ज पर विष्णु सरकार ने जो बेहतरीन आगाज किया है, उसका अंजाम छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता के लिए बेहद सुकून भरा होगा।

# अहाता के लिए थोक में आवेदन, ऑनलाइन की तारीख खत्म, आवंटन चुनाव के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने राज्य में अहाता पॉलिसी लागू की है। इसके तहत शराब दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए विभाग ने ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। इसके लिए लोगों ने भी थोक में आवेदन किए हैं।

आवेदन करने की गुरुवार को अंतिम तारीख थी, वहीं अहाता का आबंटन 25 अप्रैल को किया जाना था, लेकिन आचार संहिता के कारण अहाता की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अहाता का आबंटन अब लोकसभा चुनाव के अंतिम व तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद किया जाएगा। इसके लिए 10 मई की तारीख तय की किए जाने की भी जानकारी है। विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि चुनाव के कारण आबंटन की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। हालांकि तारीख सिर्फ आबंटन के लिए बढ़ाई जा रही है या फिर बढ़ी हुई तारीख तक आवेदन भी किए जा सकते हैं, इस संबंध में अधिकारी ने भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। राज्य सरकार शराब दुकानों के लिए अहाता पॉलिसी लेकर आई है। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने टेंडर निकाला है, जिसके लिए 8 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। टेंडर के अनुसार सभी जिलों में कौन-कौन सी शराब दुकानों के पास अहाते खोले जाने हैं, इसकी सूची ऑनलाइन साफ्टवेयर में डाल दी गई है। सूची के अनुसार सभी अहातों की बोली रेट भी तय किया गया है। इस बोली के अनुसार ही लोगों ने आवेदन किए हैं।

### रायपुर जिले में 56 अहाता के लिए बोली

विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में अहाता के लिए 56 शराब दुकानों का चयन किया गया है। इन दुकानों के लिए ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं, लेकिन कुल कितने आवेदन आए हैं, इसकी जानकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे है। उनका कहना है कि आबंटन के दिन ही कुल कितने आवेदन आये हैं, इसका पता चल पाएगा।

*जिसकी बोली ज्यादा उसे मिलेगा ठेका : आबकारी विभाग के नियम के अनुसार आवेदन करने वालों में जिसकी बोली ज्यादा होगी, उसे ही अहाता का ठेका दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार हर अहाता की सरकारी बोली वहां की शराब दुकान की हर दिन की शराब बिक्री को देखते हुए तय की गई है। सरकारी बोली के अनुसार आवेदन करने वालों ने भी उससे ज्यादा बोली लगाकर आवेदन किए हैं। इस तरह जिसके आवेदन में बोली ज्यादा होगी अहाता का ठेका भी उसे ही मिलेगा।*

# अंतिम मुहूर्त में जमकर हुई शादियां, अक्षय तृतीया पर एक भी शुभ मुहूर्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विवाह के मुहूर्त के मारामारी के चलते अप्रैल माह में जमकर शादियां हो रही है। लेकिन, आज शनिवार से शादियों का शुभ मुहूर्त नहीं है। इसके बाद गुरु व शुक्र तारा अस्त होने से दो माह मई व जून में फेरे नहीं होंगे। हालांकि, लोकाचार के चलते अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त में कई लोग विवाह की तैयारी में है। खासकर इस दिन ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होते हैं। इस बार अक्षय तृतीया पर विवाह के एक भी शुभ मुहूर्त नहीं हैं। ऐसे में विवाह योग्य हो चुके युवक युवतियों को अब लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। ज्योतिषियों के अनुसार 61 साल बाद ऐसी स्थिति निर्मित हो रही ही है जब अक्षय तृतीया पर विवाह के लिए कोई मुहूर्त ही न हो। बता दें वर्षों से अक्षय तृतीया को लोग अबूझ मुहूर्त मानकर इस मुहूर्त में बिना पंडितों की सलाह लिए मांगलिक कार्यक्रम संपन्न करते हैं। अबूझ मुहूर्त होने की वजह से सैकड़ों शादियां इस मुहूर्त में संपन्न होती है। लेकिन, इस बार जिन्हें मुहूर्तों का ज्ञान है वे मांगलिक कार्यों को आगे टालेंगे। जबकि, ग्रामों में शहनाइयां गूंजेगी। 167 सालों में तीसरी बार यह संयोग बन रहा है। इसके पूर्व वर्ष 1956 तथा 1976 में अक्षय तृतीया पर मुहूर्त नहीं थे। मुहूर्त नहीं होने की वजह से उन्हें अधिक परेशानियों का सामना का सामना करना पड़ सकता है।

## 67 सालों में तीसरी बार बनी यह स्थिति, हर साल अक्षय तृतीया पर होती हैं ढेरों शादियां

### गुरु और शुक्र का उदयमान होना अनिवार्य

पं किशोर दुबे ने बताया कि इस साल अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जाएगा। हर साल इस अबूझ मुहूर्त में ढेरों शादियां होती हैं, लेकिन इस साल शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण शादी का एक भी मुहूर्त नहीं है। इसी तरह 7 मई को गुरू ग्रह अस्त हो रहा है, जो कि 1 जून को उदय होगा। शास्त्र के अनुसार विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों के लिए इन ग्रहों का उदयमान रहना अनिवार्य है।



### जुलाई में 3 शुभ मुहूर्त, फिर तीन माह इंतजार

देव पंचांग के अनुसार विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य के लिए जुलाई महीने में 9, 11 और 12 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं। इन तिथियों में विवाह किए जा सकेंगे। इसके बाद विवाह के लिए फिर से लोगों को तीन माह का इंतजार करना होगा। नवंबर महीने में 22, 23 और 27 तारीख को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद दिसंबर महीने से विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं।

## खबर संक्षेप




### जयप्रकाश ने किया मतदान

**महासमुंद।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने मतदान किया।

### जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम बिजराभांठा रायतुम के शिव मंदिर के पास चबूतरा में एक व्यक्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी सुखराम दुबे पिता जयलाल प्रसाद (45) रायतुम ने बताया कि आरोपी संतोष बरिहा पिता अर्जुन सिंह बरिहा (44) निवासी रायतुम बिजराभांठा ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट और कोल्ड ड्रिंक के बॉटल से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पूर्व सैनिक पंकज चंद्राकर की पुण्यतिथि मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में दिवंगत पूर्व सैनिक पंकज चंद्राकर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। 25 अप्रैल 2023 को एक सड़क हादसे में युवा पूर्व सैनिक पंकज चंद्राकर का निधन हो गया था। पूर्व सैनिक सेवा संघ महासमुंद द्वारा उनकी याद में शहीद स्मारक में उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया था। सर्वप्रथम राष्ट्रगान किया गया। पश्चात पंकज चंद्राकर के छायाचित्र पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनका जीवन परिचय, सेवा में किए गए योगदान एवं सेवानिवृत होने के पश्चात अंग्रेजी व्याख्याता के रूप में किए गए कार्यों को याद किया गया। पूर्व सैनिक सेवा संघ के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने स्वर्गीय पंकज चंद्राकर को श्रद्धांजलि देते हुए बताया कि पंकज, शहीद स्मारक निर्माण के मुख्य प्रेरणा स्रोत थे। उनका असमय निधन होना संघ एवं समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में पवन निषाद संस्थापक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, घनश्याम सोनी सहसचिव राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ, सुनीता चंद्राकर सरपंच ग्राम खरोरा, देवदत्त चंद्राकर, स्व. पंकज की धर्मपत्नी ज्योति चंद्राकर एवं परिवार, पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार सहित पंकज चंद्राकर ग्रुप बागबाहरा के सदस्य, मुकेश चंद्राकर एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वैवाहिक रस्म के बीच मतदान करने पहुंची दुल्हन तो कहीं दूल्हा

## जैसे शादी जरूरी है वैसे मतदान भी जरूरीः टिकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर सभी वर्ग के मतदाताओं में काफी उत्साह है। इस दौरान शादी हो रहे दूल्हा, दुल्हन और उनके परिवारजन भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहते है। इस बीच जिले में कई प्रेरित करने वाली तस्वीर सामने आई। जिले में कई जगहों से कहीं दुल्हन तो कहीं दूल्हा वैवाहिक रस्म को निभाते हुए मतदान की जिम्मेदारी को भी निभाने मतदान केंद्र पहुंचे। शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रही टिकेश्वरी ने कहा कि जैसे जीवन में शादी जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र के लिए मतदान भी जरूरी है। विवाह मंडप से मतदान करने पहुंचे दुल्हन का मतदान दलों ने मुस्करा कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। यह नजारा था महासमुंद के कलाबाई स्कूल के मतदान केंद्र का। जहां मतदान करने के लिए टिकेश्वरी साहू अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंची थी। 26 अप्रैल को विवाह कार्यक्रम तय होने के बाद मतदान की तिथि घोषित हुई। जिसके चलते विवाह कार्यक्रम जारी था, दोपहर करीब 12 बजे टिकेश्वरी अपनी मां मोहिनी साहू, चाचा बाबूलाल साहू, चाची मीना साहू, बहन झरना साहू और बुआ सुशीला साहू के साथ मतदान केंद्र पहुंची। जहां मतदान दल ने मुस्करा कर उनका स्वागत किया और मतदान में भाग लेने के लिए सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी। बाहर खड़े लोगों ने भी शुभकामनाएं दी और कहा कि इसी तरह मतदान के प्रति लोगों को जागरूक बनाना चाहिए और पहले मतदान की भूमिका अभिनीत करने से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। इसी तरह विधानसभा 40-बसना अंतर्गत केंद्र जम्हर 01 में हल्दी की पोशाक में दूल्हे के द्वारा मतदान कर मताधिकार का प्रयोग किया गया। मंडप से बूथ तक हल्दी के पोशाक में दूल्हे के सफर को देख ग्रामीणों ने भी सराहना की। इसी तरह विधानसभा 39-सरायपाली अंतर्गत एक दूल्हे द्वारा बारात प्रस्थान से पहले शासकीय प्राथमिक शाला बोंदा के मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला भवन दमोदरहा में भी शादी के पोशाक में दूल्हे द्वारा अपने मत को प्रयोग करते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। ग्राम बटोरा (कुलिया) मतदान केंद्र 69 में विवाह के दौरान क्षमा साहू एवं किरण साहू द्वारा मतदान किया गया। यह तस्वीरें मतदान के महत्व को इंगित करता है तथा अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करता है।

# गुरुकुल आश्रम आमसेना में वस्त्र वितरण एवं भंडारा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गुरुकुल आश्रम आमसेना में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा 23 अप्रैल 2024 को दोपहर 12 बजे गुरुकुल के वरिष्ठ स्नातक पण्डित अरक्षित शास्त्री की ओर से अपने माता स्व. श्रीमती केतकी साहू एवं पिता स्व. डमरूधर साहू की पुण्यस्मृति में गुरुकुल आश्रम आमसेना में 10 गांव के 300 महिलाओं को साड़ी एवं 200 पुरुषों को लूंगी और टॉवल, 30 वानप्रस्थियों को वस्त्र एवं 500 रुपया मार्ग व्यय, सभी आचार्यों को वस्त्र एवं 500 रुपया दक्षिणा प्रदान की गई। साथ ही सपरिवार गुरुकुल आकर 600 लोगों को मिष्ठान भोजन प्रसाद कराया। इस अवसर पर गुरुकुल के संस्थापक स्वामी धर्मानंद सरस्वती एवं आचार्य स्वामी व्रतानंद सरस्वती का सानिध्य व आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त जानकारी डॉ. कुंजदेव मनीषी ने दी।

## सुरजो, काश्मीरी और 80 वर्षीय रोजन ने दिव्यांग मतदाता रथ की सुविधा का लाभ लेकर अपने मताधिकार का किया प्रयोग

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन आयोग की अनुकरणीय पहल पर अतिसंवेदनशील लोगों तक पहुंचकर मतदान देने की प्रक्रिया सहज बनाने जिले में दिव्यांग मतदाता रथ चलाया जा रहा है। दिव्यांगों एवं 80 वर्ष के वृद्धजन मतदाताओं द्वारा मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दिव्यांग मतदाता रथ की सुविधा का पूरी तरह लाभ लिया जा रहा है तथा मतदाताओं द्वारा मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक भी पहुंचाया जा रहा है। 32 वर्षीय दिव्यांग मतदाता सुरजो यादव, 35 वर्षीय दिव्यांग मतदाता काश्मीरी अली ने बताया कि प्रशासन की इस सुविधा से उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने में आसानी हुई। वे हर बार स्वयं ट्रायसायकल के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचती थी। 80 वर्षीय मतदाता रोजन बी ने बताया कि इस बार गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिक उम्र के कारण शारीरिक थकान के चलते मतदान केंद्र तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था। मुझे दिव्यांग मतदाता रथ की सुविधा मिलने से मताधिकार का उपयोग कर मैं काफी खुश हूं।

# साढ़े 8 हजार का प्लेन शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम बम्हनी से आरोपी के कब्जे से 95 नग देशी प्लेन शराब जब्त किया है। मामले में थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा।

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक महासमुंद द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन करने वाले के ऊपर कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया है। जिसके तहत समस्त थाना/चौकी प्रभारियों व सायबर सेल महासमुंद की टीम अपने-अपने क्षेत्रों मे लगातार गस्त/पेट्रोलिंग कर अवैध शराब निर्माण, मादक पदार्थ परिवहन करने वालों पर नजर रखी जा रही है।

थाना सिटी कोतवाली की टीम टाउन/देहात पेट्रोलिंग कर अपराध पतासाजी कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नांदगांव जाने वाला रास्ता ग्राम बम्हनी में भूरे रंग के कपड़े का बैग में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा है। उसने पूछताछ के दौरान अनपा नाम भोजराम बंजारे उर्फ चमचु पिता देवदास बंजारे (35) निवासी वार्ड नं 11 ग्राम बम्हनी का होना बताया तथा उनके पास रखे भूरे रंग के कपड़े का बैग की तलाशी लेने पर देशी प्लेन शराब भरा हुआ बोतल मिला। आरोपी के कब्जे से 95 नग देशी प्लेन शराब (17100 एमएल) कुल कीमत 8550 रूपये को जब्त कर थाना महासमुंद में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# बसना में विधायक डॉ. संपत ने किया मतदान

## विधायक ने कहाः देश और क्षेत्र के विकास के लिए प्रत्येक नागरिक भाजपा के लिए संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




लोकसभा निर्वाचन हेतू शुक्रवार को हुए मतदान में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने निवास नीलांचल भवन (विधायक निवास) में जगन्नाथ महाप्रभु की पूजा अर्चना कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और नगर स्थित हाई स्कूल में वोट डाले। वहीं मतदान करने के बाद सेल्फी पॉइंट में सेल्फी भी ली। विधायक ने बसना में मतदान करने पश्चात पिरदा भाजपा मंडल क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पिरदा (मतदान केंद्र क्रमांक 103 एवं 105 एवं ग्राम सीतापुर मतदान केंद्र क्रमांक 144), गढ़फुलझर भाजपा मंडल के ग्राम गढ़फुलझर (मतदान केंद्र क्रमांक 276 एवं 277), भाजपा मंडल सांकरा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सांकरा (मतदान केंद्र क्रमांक 75, 76 एवं 77) एवं पिथौरा मण्डल पहुंच कर मतदान केंद्र का निरीक्षण किए तथा मतदाताओं से भेंट मुलाकात किए। इस दौरान क्षेत्रवासियों को मतदान के प्रति गजब उत्साह देखने को मिला।

**विधानसभा चुनाव बहिष्कार कर लोकसभा चुनाव में भाजपा को किया शत प्रतिशत मतदानः** पिरदा मंडल क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सीतापुर (मतदान केंद्र क्रमांक 144) जहां पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव में सड़क की मांग को लेकर गांव के किसी भी व्यक्ति ने मतदान नहीं किया था और पूर्ण रूप से चुनाव बहिष्कार किया था। उसी सीतापुर गांव में बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूरा गांव एकजुट होकर मतदान किया। ग्रामवासियों ने कहा कि हमारे स्थानीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सड़क की मांग को गंभीरता से लेते हुए 11 किमी की सड़क के लिए लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपए की स्वीकृत की गई। इस उत्साह से हम सभी ग्रामवासी भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। इस दौरान विधानसभा संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्षगण रमेश अग्रवाल जितेंद्र त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, पार्षद किशन अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# बस्तर में टीबी के 650 मरीज, दो माह से दवा नहीं

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर



अलग खबर

- राज्य स्तर पर उपलब्धता नहीं होने से आपूर्ति रूकी

बस्तर में पिछले लगभग दो माह से टीबी मरीजों के लिए दवा की कमी बनी हुई है। इस गम्भीर समस्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग दवा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन प्रदेश भर में कही भी दवा उपलब्ध नहीं होने से विभाग के लिए परेशानी बनी है।नियमित दवा सेवन से मरीज स्वस्थ हो रहे हैं। लेकिन लंबे समय से दवा की अनुपलब्धता मरीज और उनके परिजनों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले में टीबी के लगभग 650 मरीज उपचारार्थ है। मरीजों को समय से और नियमित दवा का सेवन नहीं होने से खतरा बना रहता है। बताया जा रहा है कि पूरे राज्य में दवा का स्टॉक नहीं है। जिले के एक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की माने तो पूरे देश मे टीबी दवा की कमी बनी है। हरिभूमि ने पड़ताल की तो चौंकाने वाला मामला सामने आया है। लोहंडीगुड़ा में 54 मरीज चिन्हित किए गए है,जिनका उपचार जारी है। इसी तरह बस्तर ब्लाक में 118 मरीज उपचारार्थ है। अन्य ब्लाक दरभा, किलेपाल, बकावंड, जगदलपुर और तोकापाल में भी टीबी मरीज है,जिनका इलाज चल रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मैत्री ने बताया टीबी के मरीजों को चार प्रकार के कॉम्बिनेशन वाली दवा दी जाती है। इनमें आईएनएच, रिफाइरिटिसीन, पारोजिमाइट सम्मलित है। जिले के सातों विकासखंड में दवा उपलब्धता को लेकर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करने पर सभी ने दवा उपलब्ध नहीं होने की पुष्टि की। लोहंडीगुड़ा के खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया ब्लाक में 54 मरीज है। पिछले लगभग एक माह से दवा की सप्लाई बंद है।

### प्रयास किया जा रहा

टीबी दवा पूरे प्रदेश में उपलब्धता की कमी है। शार्ट सप्लाई से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। जानकारी के मुताबिक जिन फार्मा कम्पनियों को दवा निर्माण की जवाबदारी है वो दवा नहीं बना रहे है। विभाग प्राइवेट सेक्टर से दवा का इंतजाम करने में प्रयासरत है। प्राइवेट सेक्टरों में भी दवा उपलब्धता की कमी है। 30 अप्रैल तक दवा उपलब्ध हो जाएगा।

-**आरके चतुर्वेदी,** सीएमएचओ बस्तर

# नवीन शिक्षा सत्र के लिए डिजी दुनिया योजना की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

DigiDuniya

आगामी शिक्षा सत्र के लिये कोण्डागांव में तैयारियां आरम्भ हो गयी हैं। इसी क्रम में कोण्डागांव में डिजी दुनिया योजना के लिये प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गयी है। शासनस्तर से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के समस्त प्राचार्यो व संस्था प्रभारियों ने जानकारी एकत्रित की जा रही है। बता दें पूरे प्रदेश में डिजी दुनिया योजना 4669 विद्यालयों में संचालित हैं। कोण्डागांव जिले में योजना के तहत 32 विद्यालयों में आईसीटी लैब व 116 स्कूलों में स्मार्ट क्लास के साथ संचालित हो रहे हैं, जिसका लाभ जिले के विद्यार्थियों को मिल रहा है। आगामी सत्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए आईसीटी लैब व स्मार्ट क्लास की व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिये योजना के लिये जरूरी संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षण संस्थाओं से यह जानकारी ली जा रही है कि इस व्यवस्था में लगने वाले हार्डवेयर पूरी तरह से ठीक है या चोरी क्षतिग्रस्त तो नहीं हो गए हैं। अगर किसी तरह की दिक्कत है तो समय रहते जानकारी दे दी जाए, जिससे विभाग इन कमियों का समाधान कर सके।

### *ऑनलाइन विज्ञान क्विज में नीलिमा व दीक्षा ने मारी बाजी*

*कोण्डागांव। ऑनलाइन जिलास्तरीय विज्ञान क्विज में परिणाम आ गए हैं। जिसमें हायर सेकेण्डरी स्तर पर नीलिमा साहू फरसगांव ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी श्रेणी में दूसरे स्थान पर बड़े राजपुर के मयंक सिन्हा रहे हैं। और तीसरे स्थान पर श्रद्धा बघेल अरण्डी ने कब्जा जमाया है। इसी तरह से हाईस्कूल स्तर पर इस ऑनलाइन स्पर्धा में दीक्षा नेताम ग्राम चिचाडी ने अव्वल स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल स्तर पर ही दूसरे स्थान पर लेमन कुमार ग्राम कोटपाड रहे है। तीसरा स्थान कु युक्ति फरसगांव की रही हैं।*

# नगरनार मेला में देवी भंडारिन की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक चैत्र मेला मड़ई ग्राम पंचायत नगरनार में हर्सोल्लास के साथ ग्राम देवी मां भंडारिन की पावन धरा में मनाया गया। जिसे राजा मडई के नाम से भी जाना जाता है। शुक्रवार को ऐतिहासिक मेले में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव को आमंत्रित कर उनको गांव में स्थित मां भंडारिन माता मंदिर मे पूजा अर्चना करने के बाद रथ मे बिठाकर मेले की परिक्रमा कराई गई। इस अवसर पर तरह- तरह की झांकियों की प्रस्तुति दी। सदियों से चली आ रहे इस मेले में रात्रिकालीन नाट नृत्य और मीना बाजार आकर्षित का केंद्र रहता है। मेले में विधायक किरण देव, सांसद प्रत्याशी महेश कश्यप, सरपंच लैखन बघेल समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।





# बारात निकलने से पहले दूल्हे ने किया मतदान, गाजे-बाजे के साथ पहुंचा बूथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सरायपाली विधानसभा के दो पोलिंग केंद्र से अनोखी तस्वीर सामने आई है। लोकसभा निर्वाचन के द्वितीय चरण में मतदान केंद्र क्रमांक 201 ग्राम लमकेनी विधानसभा सराईपाली लोक सभा महासमुंद में सुबह लगभग 10 बजे बारात जाते हुए दूल्हा देवेंद्र साथुआ पिता सत्यानंद साथुआ ने मतदान किया। दूल्हे के वेश में मतदान करने के पश्चात बारात ग्राम लमकेनी से पैकिन के लिए प्रस्थान किया। युवक ने पोलिंग बूथ पर मतदान करने के बाद सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित भी किया। दूल्हे के साथ उसके परिवार के लोग भी शामिल थे। मतदान करने के बाद देवेंद्र ने सभी को देशहित में मतदान कर जागरूक नागरिक के फर्ज अदा करने का संदेश दिया। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 निवासी ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए 84 साल के जगत नारायण अग्रवाल व उनकी पत्नी 79 वर्ष की गायत्री देवी अग्रवाल के साथ मंदिर स्कूल मतदान केंद्र में मतदान किया।

### दूल्हा गाजे बाजे के साथ वोट डालने पहुंचा

वहीं एक अन्य खबर विकासखंड के ग्राम मोहंदा निवासी गजानंद नायक के सुपुत्र मनोज नायक का सामने आया। जहां पर दूल्हे ने बैंड बाजे के साथ मतदान केंद्र पहुंच कर अपना मतदान किया, उसके पश्चात राजधानी रायपुर के लिए बारात प्रस्थान हुआ। मिली जानकारी अनुसार मोहंदा के मनोज (दूल्हा) बैंड बाजा बारात के साथ मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचा उसके पश्चात बारात के लिए आगे बढ़ा।






## लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण में महासमुंद लोकसभा के खल्लारी विधानसभा में शांतिपूर्ण से चुनाव हुआ

# मतदान को लेकर जागरूक, ग्रामीण क्षेत्र में लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

लोकतंत्र के सबसे बड़े महाकुभ लोकसभा 2024 दूसरे चरण में महासमुंद लोकसभा के खल्लारी विधानसभा में शांतिपूर्ण से चुनाव हुआ। महासमुंद लोकसभा के समर महामहोत्सव का समापन शुक्रवार को हो गया। मतदाताओं ने किस प्रत्याशी पर अपना भरोसा जताया है इसका खुलासा अगामी मतगणना के बाद मालूम चलेगा। खेती किसानी व शादी कार्यक्रम की व्यस्तता के बीच समय निकालकर वोटरों ने प्रजातंत्र के महाअभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए मतदान किया। शुक्रवार 26 अप्रैल को राज्य में आयोजित दूसरे चरण के मतदान में खल्लारी विधानसभा के 277 मतदान केंद्रों की मतपेटियों में क्षेत्र की जनता ने यहां से चुनाव मैदान में खड़े 17 प्रत्याशियों की भाग्या का फैसला बंद कर दिया है। खल्लारी विधानसभा में 2 लाख 18 हजार 518 कुल मतदाता है, जिसमें 1 लाख 7 हजार 287 पुरुष व 1 लाख 11 हजार 224 महिला, 7 अन्य मतदाता है। खल्लारी विधानसभा-41 में 1 बजे तक 51 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। वनांचल क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अच्छी बात यह है कि शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रमीण क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी रूचि देखी गई। ग्रामीण क्षेत्रो में सुबह से ही मतदाताओं की काफी लंबी कतारें देखने को मिली। महासमुंद लोकसभा के खल्लारी विधानसभा में शुक्रवार को सुबह से ही मतदान करने के लिए घर से निकले मतदाताओं का मिला-जुला रूझान रहा। दोपहर 12 बजे तक नगर के किसी मतदान केंद्र पर लंबी कतार नजर आई तो कही इक्का-दुक्का मतदाता नजर आए। दोपहर बाद भी कमोबेश यही स्थिति रही। शाम 4 बजे के बाद मतदाता फिर से अपने अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्रों में पहुंचने लगे। पूरे क्षेत्र में शांतिपूण मतदान की खबरें प्राप्त हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही बूथों में महिलाओं की अच्छी खासी मौजूगी देखी गई। समय गुजरने के साथ स्थिति बदलती गई और बूथों में महिला संख्या के साथ पुरुषों की कतार लंबी होती गई और दोपहर के बाद जब लोगों को दैनिक कार्य से फुर्सत मिली वह मतदान करने बूथ पहुंच गए। खल्लारी विधानसभा के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों व आस-पास के इलाके में भारी सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। चुनाव आयोग की ओर से शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं से अपील की गई। दोपहर के बाद से निर्धारित 6 बजे तक बूथों में ग्रामीण व शहरी के कई मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही। मतदाताओं की मतदान करने की ऐसी रूचि दिखाई कि इस बार चुनाव में ऐतिहासिक प्रतिशत मतदान होने की संभावना नजर आ रही है। संध्या 3 बजे तक 59 प्रतिशत मतदान होने की खबर मिली है।








### आदर्श मतदान केंद्र व सगवारी मतदान केंद्र

निर्वाचन आयोग प्रत्येक विधानसभा के चुनिंदा मतदान केंद्रों शासकीय प्राथमिक स्कूल को आदर्श मतदान केंद्र घोषित किया गया था। इस केंद्र के मुख्य दार को गुब्बारों से सजाया गया था। वहीं पठारीमुड़ा को संगवारी मतदान केंद्र में धान की बालियों से सजाया गया था।

### ग्रामीणों ने दिखाया जमकर उत्साह

ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मतदाता सुबह से मतदान केंद्रों में मतदान करने पहुंच रहे थे। वनांचल क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में लंबी कतारें देखने को मिली। दोपहर तक वनांचल के ग्राम पलसीपानी, कछारडीह, टेका, टुहलू, खैरटकला, छुरीडबरी, बोकरमुड़ाकला व खुर्द में 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था और लोगों की कतार लगी हुई थी।

### बूथों में तैनात रहे नेता कार्यकर्ता

मतदान से पूर्व प्रमुख राजनैतिक पार्टियां कांग्रेस-भाजपा ने मतदान केंद्रों के बाहर अपने अपने पंडाल लगाए हुए थे, जहां से मतदाताओं को मतदाता पर्ची इत्यादि उपलब्ध करा रहे थे। वही पूरे चुनावी गतिविधियों पर पौनी नजर बनाए हुए थे, जिन कार्य की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई थी, वो उसे करने मे व्यस्त रहे।

## कतार में लगकर किया मतदान







**नर्रा।** लोक तंत्र का महापर्व के दूसरे चरण महासमुंद लोकसभा सीट का मतदान 26 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 7 बजे से मतदाताओं ने मतदान केंद्र में मतदान करने पहुंचे। भीषण धूप गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्र परिसर में मतदाताओं की लंबी कतार में देखी गई। जहां बारी-बारी से अपना मतधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र नर्रा में महिला मतदाताओं की लंबी लाइन दोनों बूथ में देखी गई। अंतरराज्जीय सीमा के खट्टी के मतदान केंद्र में मतदाता गोवर्धन यादव 70 वर्ष बुजुर्ग को व्हीलचेयर में बैठाकर ले जाते हुए। ग्राम राटापाली के एक पटेल परिवार में विवाह कार्यक्रम चल रहा था। चुनाव को देखते हुए हल्दी के रस्म में रंगे व माथे पर सेहरा बांध कर दूल्हा रेवाराम पटेल ने मतदान करने पहुंचा। इस दौरान दूल्हा का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी पटेल एवं रोजगार सहायिका डालेश्वरी पटेल ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

# पचेड़ा में शांतिपूर्ण हुआ लोकसभा चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत पचेड़ा में नए मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए मताधिकार का उपयोग किया। साथ ही गांव के बुजुर्ग एवं विकलांगों ने भी अपने मत उपयोग किया। इस दौरान मतदान करने अगरा ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, जितेंद्र टंडन उपसरपंच पचेड़ा, पुन्नालाल चक्रधारी सचिव ग्राम पंचायत पचेड़ा, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, शत्रुहन साहू, सेवकराम साहू, शेख अलाउद्दीन, युसुब नारंग, दिलीप यादव, कुशी साहू, लक्ष्मी साहू, ऊनिता साहू, रामबत्ती साहू, कमला बघेल, ज्योति महानंद आदि मतदातागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

## बारातियों संग दूल्हा पहुंचा पोलिंग बूथ वोटिंग कर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान शुरू होने से पहले ही बूथ पर कतार लग गई। ग्राम नांदगांव में बूथ क्रमांक 214 में एक दूल्हा बारात निकलने से पहले बारातियों सहित वोटिंग करने पहुंचा। नांदगांव निवासी नरेंद्र पटेल ने बारात जाने से पहले पोलिंग बूथ पर पहुंचे। पोलिंग बूथ पर जब दूल्हा बारातियों के साथ वोट डालने पहुंचा तो पूरा माहौल ही उत्साहित हो उठा।



**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर में बारात जाने से पहले दूल्हा रोशन साहू ने मतदान किया। इस दौरान रामेश्वर गब्बर साहू, हेमलाल साहू, ईश्वर, भारती, सुंदरी, योगी, नीलकंठ विश्वकर्मा, गणेश आवड़े, श्याम कुमार साहू, तोरण साहू आदि उपस्थित थे।



**महासमुंद।** महासमुंद के बूथ क्रमांक 204 में गोलू निषाद द्वारा अपने विवाह में बारात प्रस्थान करने से पहले मतदान केंद्र जा कर अपना मतदान किया। मतदान को लेकर युवाओं में बहुत उत्साह दिखा।



**महासमुंद।** राधेलाल सिन्हा ने अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र लहंगर में पहुंचकर मतदान किया।




## वोटिंग के बाद रवाना हुई बारात

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कौंदकेरा में विवाह बंधन में बंधने के पहले दूल्हे नागेश्वर साहू एवं राजू साहू ने बारात प्रस्थान के पूर्व अपने मताधिकार का उपयोग किया। वोट डालने के बाद अपने दुल्हन नेहा को लेने ग्राम तामासिवनी तथा राजू साहू अपने दुल्हन देविका को लेने ग्राम घोघरा के लिए प्रस्थान किए। मतदान केंद्र में उपस्थित सचिव, बीएलओ सहित अन्य कर्मचारियों ने दूल्हे को ससम्मान वोटिंग पश्चात विवाह की शुभकामनाएं दी।

## विवाह घर में जाकर दुल्हन को मतदान करने किया प्रेरित

**महासमुंद।** मतदान के दिन मतदान करने वाले एवं दोनों पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं को बहुत संघर्ष का सामना करना पड़ा। साथ ही मतदान वाले दिवस में शादियों का अंबार लगा हुआ है, जिससे मतदान प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। इतनी गर्मी के बावजूद भी कार्यकर्ताओं में उत्साह की कमी नहीं है, जिनके घरों पर शादी है, कार्यकर्ता वहां जाकर उनसे मतदान के लिए अनुरोध कर रहे हैं, ऐसा ही एक वाक्या महासमुंद शहर में देखने को मिला। मलेरिया ऑफिस वार्ड नंबर 29 बूथ क्रमांक 193 में अग्नू साहू की लड़की सरिता साहू की शुक्रवार को बारात आने वाली थी। वहां के पूर्व पार्षद एवं वर्तमान पार्षद महेंद्र जैन ने उनके यहां शादी मंडप में जाकर उन्हें वोट करने के लिए अनुरोध किया और मतदान के लिए उन्हें मतदान स्थल तक लेकर आए। वार्ड की ममता साहू एवं गोपी कन्नौजे ने इसमें अमूल्य योगदान दिया।

